# 2 मात्रक एवं विमाऐं

## भौतिक राशि का मान

= nu (u इकाई तथा n संख्या है)

nu = नियतांक या $n_1u_1 = n_2u_2$ या $n \propto \frac{1}{u}$

## मूलभूत राशियाँ

| | | |
|---|---|---|
| लम्बाई | मीटर | L |
| द्रव्यमान | किग्रा | M |
| समय | सेकण्ड | T |
| विद्युत धारा | ऐम्पियर | A |
| ताप | केल्विन, °C | K, θ |
| प्रदिप्तता | केन्डेला | cd |
| पदार्थ की मात्रा | मोल | mol |

## विमीय सूत्र

$M^a L^b T^c \theta^d$

**Imp.** ➠ हमेशा समान विमाओं की राशीयाँ ही एक दूसरे में जोड़ी एवं घटाई जा सकती हैं।

➠ मापन पद्वतियाँ

- MKS (मीटर, किग्रा, सेकण्ड)
- CGS (सेण्टीमीटर, ग्राम, सेकण्ड)
- FPS (फुट, पाउण्ड सेकण्ड)
- SI (अन्तर्राष्ट्रीय विधि)

## रूपान्तरण

एक मात्रक पद्वति से दूसरी मात्रक पद्वति में

$$n_2 = n_1 \left(\frac{M_1}{M_2}\right)^a \left(\frac{L_1}{L_2}\right)^b \left(\frac{T_1}{T_2}\right)^c$$

## परम त्रुटि

$$\Delta a = \text{आभासी मान} - \text{वास्तविक मान} = a - a_0$$

## आनुपातिक एवं प्रतिशत त्रुटि

$$\text{अनुपातिक त्रुटि} = \frac{\Delta a}{a_0},$$

$$\text{प्रतिशत त्रुटि} = \frac{\Delta a}{a_0} \times 100$$

## त्रुटियों का संयोजन

यदि

$$x = a + b \quad \Rightarrow \Delta x = \Delta a + \Delta b$$

$$x = a - b \quad \Rightarrow \Delta x = \Delta a + \Delta b$$

$$x = a / b \quad \Rightarrow \frac{\Delta x}{x} = \frac{\Delta a}{a} + \frac{\Delta b}{b}$$

$$x = a^n \quad \Rightarrow \frac{\Delta x}{x} = n\frac{\Delta a}{a}$$

$$x = \frac{a^n b^m}{c^p} \quad \Rightarrow \frac{\Delta x}{x} = n\frac{\Delta a}{a} + m\frac{\Delta b}{b} + p\frac{\Delta c}{c}$$

$$x = \log_e a \quad \Rightarrow \frac{\Delta x}{x} = \frac{1}{x}\frac{\Delta a}{a} \quad \Rightarrow \Delta x = \frac{\Delta a}{a}$$

## सार्थकता की गणना के लिए सामान्य नियम

**नियम 1.** सभी अशून्य अंक सार्थक होते हैं।

Ex. $x = 1234$ में सार्थक अंक 4 हैं।

**नियम 2.** दो अशून्य अंकों के बीच में आने वाले सभी शून्य अंक सार्थक होते हैं।

Ex. $x = 1007$ में सार्थक 4 हैं। पुनः $x = 1.0809$ में सार्थक अंक 5 हैं।

**नियम 3.** एक से छोटी संख्या में दशमलव के दांये तथा किसी अशून्य अंक के बांये स्थित सभी शून्य अंक सार्थक नही होतें हैं।

Ex. $x = 0.0084$ में सार्थक अंक 2 हैं।

**नियम 4.** दशमलव भाग में अंतिम अशून्य संख्या के दांये ओर स्थित सभी शून्य अंक सार्थक होते हैं।

Ex. $x = 0.00800$ में 3 सार्थक अंक 8, 0, 0 हैं । 8 के पहले का शून्य सार्थक नही हैं पुनः 1.00 में 3 सार्थक अंक हैं।

**नियम 5.** अशून्य अंक के दांयी ओर सभी शून्य अंक सार्थक नही होते हैं।

Ex. $x = 378000$ में 3 तीन सार्थक अंक हैं।

**नियम 6.** अंतिम अशून्य अंक के दांये ओर सभी शून्य अंक सार्थक होते हैं यदि संख्या किसी मापन में प्रयुक्त हो रही है।

Ex. $x = 3050$ m में 4 सार्थक अंक हैं।

## सार्थक अंकों के साथ अंकगणितीय संक्रियायें

(a) **जोड़ना और घटाना**: योग या व्यवकलन में, उत्तर में दशमलव स्थानों की संख्या, संक्रिया में उपस्थित पदों की न्यूनतम संख्या के दशमलव स्थानों वाली संख्या के सार्थक अंकों के बराबर होनी चाहिए।

(b) **गुणा और भाग**: गुणन और भाग में, गुणनफल या भागफल में सार्थक अंकों की संख्या, किसी भी गुणक में न्यूनतम सार्थक अंकों वाली संख्या के समान होनी चाहिए।

Ex. $\frac{9500}{10.23} = 928.64125$

जैसे कि 9500 सार्थक अंकों की न्यूनतम संख्या रखता है (अर्थात् 2) अतः, भागफल में भी केवल दो ही सार्थक अंक होने चाहिए। पूर्णांकित करने पर, हमें भागफल = 930 प्राप्त होता है।

## सामान्यतः उपयोग की जाने वाली कुछ नॉन SI इकाईयाँ

(a) **लम्बाई/दूरी के लिए**

| | |
|---|---|
| 1. एस्ट्रॉनॉमिकल मात्रक | $1\ AU = 1.496 \times 10^{11}\ m$ |
| 2. प्रकाश वर्ष, | $1\ \ell y = 9.64 \times 10^{15}\ m$ |
| 3. पेरालेक्टिक सेकण्ड | $1\ pc = 3.084 \times 10^{16}\ m = 3.26\ \ell y$ |
| 4. माइक्रोन व माइक्रोमीटर | $1\ \mu m = 10^{-6}\ m$ |
| 5. नेनोमीटर | $1\ nm = 10^{-9}\ m$ |
| 6. आर्मस्ट्रांग इकाई | $1\ \mathring{A} = 10^{-10}\ m$ |
| 7. X - किरण मात्रक | $1\ xu = 10^{-13}\ m$ |
| 8. फर्मी | $1\ f = 10^{-15}\ m$ |
| 9. यार्ड | 1 yd = 0.9144 m |
| 10. फुट | 1 ft = 0.3048 m |
| 11. इंच | 1 in = 0.0254 m |
| 12. मील | 1 Mile = 1609.344 m = 1.61 km |
| 13. नोटिकल मील | 1 n mile = 1852 m |

(b) **द्रव्यमान के लिए**

| | |
|---|---|
| 1. पाउण्ड | 1 lb = 0.4536 kg |
| 2. स्लग (Slug) | 1 slug = 14.59 kg |
| 3. क्विंटल | 1 q = 100 kg |
| 4. मीट्रिक टन | 1 t = 1000 kg |
| 5. परमाण्विक द्रव्यमान इकाई | $1\ amu = 1u = 1.66 \times 10^{-27}\ kg$ |

(c) **समय के लिए**

| | |
|---|---|
| 1. मिनट | 1 मि. = 60 s |
| 2. घण्टा | 1 घ. = 60 × 60 s |
| 3. दिन | 1 दिन = 24 h = 24 × 60 × 60 s |
| 4. वर्ष | $1$ वर्ष $= 365.25\ days = 3.156 \times 10^{7}\ s$ |
| 5. शेक | $1$ शेक $= 10^{-8}\ s$ |

**(d) अन्य राशियों के लिए**

| | |
|---|---|
| 1. बार्न (क्षेत्रफल के लिए) | 1 barn = $10^{-28}$ $m^2$ |
| 2. लीटर (आयतन के लिए) | 1 $\ell$ = $10^3$ cc = $10^{-3}$ $m^3$<br>यहाँ cc, क्यूबिक सेन्टीमीटर<br>अर्थात् $cm^3$ को प्रदर्शित करता है |
| 3. गैलन (आयतन के लिए) | U.S.A. में, 1 गैलन = 3.7854 $\ell$ |
| 4. पास्कल (दाब के लिए)<br>पृथ्वी के वायुमण्डल द्वारा लगाया गया दाब | 1 पा = 1 $Nm^{2}$<br>1 atm = $1.01 \times 10^5$ Pa |
| 5. बार (दाब के लिए) | 1 bar = 1 atm. = $1.01 \times 10^5$ पा |
| 6. टॉर (दाब के लिए) | 1 torr = 1 मि. मि. पारा स्तम्भ = 133.3 पा |
| 7. इलेक्ट्रॉन वोल्ट (कार्य/ऊर्जा के लिए) | 1 eV = $1.6 \times 10^{-19}$ जूल |
| 8. अर्ग (कार्य/ऊर्जा के लिए) | 1 अर्ग = $10^{-7}$ J |
| 9. किलोवॉट घण्टा | 1 कि. वा. ब. = $3.6 \times 10^6$ जूल |
| 10. अश्व शक्ति (शक्ति के लिए) | 1hp = 746 वॉट |
| 11. डायप्टर (dioptre)<br>(लेन्स की शक्ति के लिए) | 1 D = 1 $m^{-1}$ |
| 12. डिग्री (कोण के लिए) | $1° = \frac{\pi}{180}$ रेडि. |